हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 15 सितंबर 2025

06 गांजा जैसे नशीले पदार्थ बच्चों को भी ले रहे अपनी...



07 जल निगम के कार्यों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर...





## खबर संक्षेप

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

### भारतीय डाक विभाग की दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी। अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में 60 हजार रुपये के अतिरिक्त 10 दिनों तक एक हजार रुपए भी प्रतिदिन दिए जाएंगे।

### फर्जी कंपनी खोलने की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

# मजदूर को इनकम टैक्स का 25 लाख का नोटिस, राशन कार्ड भी निरस्त

पीड़ित का आरोप है कि उसके आधार कार्ड और नाम का दुरुपयोग कर चंडीगढ़ और फिरोजाबाद में फर्जी कंपनी खोली गई है। इसी वजह से इनकम टैक्स विभाग ने उसके नाम पर नोटिस भेजा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के श्यामपुर तहसील के खाईखेड़ा गांव का एक मामला पूरे इलाके में सनसनी का कारण बना हुआ है। यहां दिहाड़ी मजदूरी करने वाले गरीब मजदूर राकेश सिसौदिया को इनकम टैक्स विभाग की ओर से 25 लाख रुपए का नोटिस थमा दिया गया। इतना ही नहीं, विभाग ने उसके राशन कार्ड को भी निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया है। इससे गरीब परिवार पर दोहरी मार पड़ी है।

राकेश सिसौदिया का कहना है कि उसके पास न कोई व्यवसाय है और न ही कोई संपत्ति। वह केवल दिहाड़ी



मजदूरी से परिवार का पालन-पोषण करता है। तीन छोटे-छोटे बच्चों और पत्नी का गुजारा सरकारी राशन से चलता है। ऐसे में अचानक 25 लाख का नोटिस आना उसके लिए किसी पहाड़ टूटने जैसा है।

### राशन कार्ड निरस्त होने से भूख का खतरा

नोटिस के साथ ही विभाग की ओर से राशन कार्ड निरस्त करने का आदेश जारी किया गया। राकेश का कहना है कि अगर राशन मिलना बंद हो गया तो परिवार भूखे मरने की स्थिति में आ जाएगा। पहले से ही महंगाई और बेरोज़गारी की मार झेल रहे मजदूर परिवार के लिए यह स्थिति और कठिन हो गई है।

### पीड़ित का आरोप- उसके आधार कार्ड और नाम का दुरुपयोग किया गया

पीड़ित का आरोप है कि उसके आधार कार्ड और नाम का दुरुपयोग कर चंडीगढ़ और फिरोजाबाद में फर्जी कंपनी खोली गई है। इसी वजह से इनकम टैक्स विभाग ने उसके नाम पर नोटिस भेजा है। उसने अहमदपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। टीआई रमन सिंह ठाकुर ने बताया कि शिकायत पर जांच शुरू कर दी गई है और तथ्य सामने आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रामीणों में आक्रोश

गांव के लोगों ने इस घटना को विभाग की बड़ी लापरवाही बताया है। उनका कहना है कि जहां बड़े कारोबारी और नेता टैक्स चोरी कर भी बच निकलते हैं, वहीं एक गरीब मजदूर को झूठे मामले में फंसाकर परेशान किया जा रहा है। सामाजिक संगठनों ने भी मांग की है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, मजदूर का राशन कार्ड निरस्त न किया जाए और पीड़ित परिवार को राहत दी जाए।

## सुरक्षा मांगने थाने पहुंचे प्रेमी युगल ने खा लिया जहर, युवती की उपचार के दौरान मौत





**सीहोर।** जिले के आष्टा ब्लॉक के सिद्दीकगंज थाना शनिवार रात को अचानक सुर्खियों में आ गया। यहां सुरक्षा की मांग लेकर पहुंचे एक प्रेमी युगल ने कुछ ही देर बाद थाने परिसर में जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार युवक ने अपना नाम देवेंद्र जोशी (22 वर्ष) निवासी नीलबड़, आष्टा बताया, जबकि युवती ने खुद को वंशिका ठाकुर (18 वर्ष) निवासी तिरला, जिला धार बताया। दोनों ने दावा किया कि वे बालिग हैं और सहमति से विवाह कर चुके हैं। साथ ही थाने में सुरक्षा की मांग भी की। पुलिस ने जब तिरला थाने से संपर्क किया तो पता चला कि युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज है। परिजनों को सूचना दी गई। इसी बीच युवती थाने के पीछे बने बाथरूम से लौटी और कुछ ही देर बाद अचानक उल्टियां करने लगी। यह देखकर युवक ने भी जहर खा लिया।

**हालत बिगड़ी तो पुलिस के हाथ-पांव फूले :** दोनों की हालत बिगड़ते ही पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। तत्काल दोनों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए आष्टा सिविल अस्पताल रेफर किया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को सीहोर और फिर भोपाल रेफर कर दिया गया। भोपाल में उपचार के दौरान युवति की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओपी आकाश अमलकर, नायब तहसीलदार मुकेश सांवले और आष्टा टीआई गिरीश दुबे अस्पताल पहुंचे और पूरी जानकारी ली।

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल :** थाने जैसी सुरक्षित जगह पर प्रेमी युगल द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आखिर दोनों को पर्याप्त निगरानी और सुरक्षा क्यों नहीं मिली? क्या पुलिस सतर्कता बरतने में विफल रही? यह मामला अब जांच का विषय बन गया है। सूत्रों के अनुसार युवक नौकरी करता है और दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। घरवालों की आपत्तियों से बचने और सुरक्षा के लिए वे थाने पहुंचे थे, लेकिन वहां घटी घटना ने पूरे मामले को संवेदनशील बना दिया।

**जांच की उम्मीद :** एसडीओपी आकाश अमलकर ने बताया कि दोनों के बयान दर्ज किए गए हैं। युवती के परिजन पहले से गुमशुदगी दर्ज करा चुके थे।

फिलहाल दोनों का इलाज भोपाल में चल रहा है और युवती की स्थिति गंभीर है। इधर, जिला पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारी भी मामले पर नजर बनाए हुए हैं। संभावना है कि थाने की लापरवाही को लेकर उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए जाएं और जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो।

## हाउसिंग बोर्ड स्थित ओवर ब्रिज पर दोनों तरफ हो सर्विस रोड का निर्माण : राजीव गुजराती

सीहोर। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयाज जारी कर विरोध प्रकट किया है कि हाउसिंगबोर्ड स्थित जो ओवर ब्रिज बनाया जा रहा है वह नागरिकों के आवगवन के मापदण्डों के हिसाब से उचित नही है, क्योंकि इस पुराने हाईवे से प्रतिदिन स्कूल और कॉलेज के हजारों विद्यार्थी आते जाते हैं। हाउसिंह बोर्ड, कृष्णा नगर, नगर सुधार न्यास आदि कॉलोनीयो के लोगो का आना जाना इसी सर्विस रोड से रहेगा। इस रोड पर बहुत ज्यादा ट्रैफिक रहता है। यहाँ पर बन रहे ओवर ब्रिज की जब ड्राईंग हो रही थी तब ब्रिज कारपोरेशन के अधिकारियों को यह समझ में नहीं आया कि हम जहां ब्रिज को उतारेंगे उसके सामने प्राइवेट भूमि आ जाएगी। प्राइवेट भूमि आने के कारण एक ही तरफ से सर्विस रोड दिया जा रहा है। यह सोच का विषय है कि एक ही तरफ से सभी नागरिकों को चढ़ाना पड़ेगा उतरना पड़ेगा। जबकि बाहरी वाहनों का यह रोड है तो दुर्घटना का अंदेशा बना रहेगा। मेरा यह आग्रह है इस ब्रिज पर दोनों तरफ से सर्विस रोड बनाया जाए ताकि नागरिकों को आने-जाने में सुगमता हो और दुर्घटनाओं का कारण ना बने। सरकार के निर्देशानुसार ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा बनाये जा रहे इस सिंगल वे ओवर ब्रिज हम विरोध करते हैं और जब तक दूसरी ओर से सर्विस रोड नहीं बन जाता तब तक हम सब क्षेत्रीय नागरिकों के साथ कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने की तैयारी कर रहे हैं। क्योंकि ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा जो सिंगलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया जात रहा है, वह गलत है।



## आरक्षक संवर्ग की सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आज से

**सीहोर।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा पुलिस मुख्यालय, गृह विभाग (पुलिस) के अंतर्गत पुलिस आरक्षक के 7500 पदों के लिए आरक्षक संवर्ग की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा-2025 का विज्ञापन 14 सितम्बर 2025 को प्रकाशित किया जा रहा है। परीक्षा के आवेदन-पत्र 15 सितम्बर से 29 सितम्बर 2025 तक ऑनलाइन लिये जायेंगे। परीक्षा का आयोजन 30 अक्टूबर 2025 से प्रदेश के संभावित 11 शहरों- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खंडवा, नीमच, रीवा, रतलाम, सागर, सतना, सीधी और उज्जैन में किया जायेगा। परीक्षा की नियम पुस्तिका मंडल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर प्रदर्शित की गई है। आवेदक इसे डाउनलोड कर प्रावधान अनुसार अपना आवेदन पत्र भर सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस आरक्षकों की भर्ती संबंधी घोषणा पर अमल शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आगामी सिंहस्थ के मद्देनजर 22 हजार 500 पुलिस आरक्षकों की भर्ती का निर्णय लिया। उन्होंने कहा था कि ये सभी भर्तियां आगामी 3 साल में कर दी जाएगी।

## कोतवाली चौराहे पर विद्युत मंडल का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया

**सीहोर।** रविवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देशानुसार नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर के नेतृत्व एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता नईम नवाब, ओम वर्मा की विशेष उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय कोतवाली चौराहे पर विद्युत मंडल का पुतला दहन कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया और गगन भेदी नारे लगाते हुए कहा कि भाजपा वोट लेती है और महीने में दो-दो बिजली के बिल देती हैं, जनता पर अत्याचार बंद करो-बंद करो बंद करो। विद्युत मण्डल की तानाशाही नही चलेगी, नही चलेगा। इस अवसर पर विवेक राठौर ने कहा कि आये दिन नागरिकों शिकायते देखने को मिल रही है कि सीहोर जिले में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने का काम बीते कुछ महीनों से किया जा रहा है।

जब से यह स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं तभी से उपभोक्ताओं की शिकायत है कि यह स्मार्ट मीटर स्वतः ही बंद हो रहे हैं और बिजली गुल हो जाती है। महिनें में दो बार हो रही बिलिंग सहित अन्य तकनीकी गड़बडियों का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ रहा है। स्मार्ट मीटर से परेशान उपभोक्तओं को बार-बार बिजली कपंनी के चक्कर लगाना पड़ रहे। उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद भी कई दिन तक मीटर चालू नहीं किया जाता। भाजपा के राज में विद्युत विभाग द्वारा मानक रूप से खरे नही उतरने वाले स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को जबरिया



लगाये जा रहे हैं और भारी भरकम बिजली के बिल उपभोक्ताओं को थोपे जा रहे हैं, वहीं जब चाहे तब बिजली कटौती की जा रही है और विद्युत मण्डल की हिटलरशाही पर भाजपा प्रतिनिधियों के द्वारा अनदेखी की जा रही है। जिसके कारण नागकरणों का सब्र का बांध टूटता जा रहा है। कंपनी के दावे जहां सुविधा देने के थे, वहीं उपभोक्ता अब बिजली कार्यालय के लगातार चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

उपभोक्ताओं की स्मार्ट मीटर को लेकर नाराजगी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के द्वारा पूर्व में भी नागरिकों के साथ कई बार बिजली विभाग को स्मार्ट मीटर के विरोध में ज्ञापन सौंपे गये हैं, परन्तु नतिजा जस का तस ही है और देखने में आ रहा है कि सीहोर में स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसी समस्या को लेकर रविवार को को भी बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों द्वारा कोतवाली चौराहे पर विद्युतमण्डल की तानाशाही के विरोध में प्रदर्शन किया और विद्युत विभाग का पुतला दहन किया। स्मार्ट मीटरों में हो रही गड़बड़ियों ने उपभोक्ताओं के सब्र का बांध तोड़ दिया है। जिस पर कांग्रेसजनों द्वारा चैतावनी दी गई है कि समय रहते विद्युतविभाग नही चेता तो नागरिकों के साथ कांग्रेसजनों द्वारा विद्युत मण्डल का घैराव किया जावेगा। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी विद्युत विभाग की होगी।

इस मौके पर प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता, सुनील दुबे, ओम बाबा राठौर, राजेश भूरा यादव, घनश्याम मीणा, हर्षदीप राठौर, घनश्याम यादव, रामायण प्रसाद शुक्ला, नरेन्द्र खंगराले, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, मुकेश ठाकुर, राहुल ठाकुर, मुस्तफा अंजुम, धीरेन्द्र ठाकुर, गजराज परमार, विनीत गोयल, नायाब खान, मनीष मेवाड़ा, तनिष्क त्यागी, लक्की सक्सेना, हरिओम सिसोदिया, ब्रजेश पाटिदार, जितेन्द्र राजपूत, हर्ष गुप्ता, सुमित नर्रे, अनुभव सेन, शुभम त्यागी, सोनू विश्वकर्मा, अक्षत सेंगर, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## आज संकल्प वृद्धाश्रम में मुनिश्री अक्षय सागर महाराज और ऐलक श्री उपशम सागर महाराज का प्रवचन

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में लगातार श्रद्धा पक्ष पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में 16 दिवसीय धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है। धर्मसभा में सोमवार को दोपहर तीन बजे देश में धर्म का जन-जन तक पहुंचाने वाले मुनि श्री अक्षय सागर महाराज एवं ऐलक श्री उपशम सागर महाराज के द्वारा प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से प्रवचन का श्रवण करने की अपील की है। श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के प्रबंधक राहुल सिंह ने बताया कि सोमवार को संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज एवं आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से परम पूज्य मुनि श्री 108 अक्षय सागर महाराज एवं परम पूज्य ऐलक श्री उपशम सागर महाराज धर्मसभा के अंतर्गत दोपहर तीन बजे यहां पर निवासरत वृद्धजनों के अलावा बड़ी संख्या में हितग्राहियों को अपने प्रवचन से आशीर्वाद प्रदान करेंगे। इसके लिए संकल्प परिवार की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा और धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि ने क्षेत्रवासियों से सोमवार को परिसर में धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## विश्व हिन्दी दिवस पर किया गया कार्यशाला का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पहले दिन लगातार 45 सालों से साहित्य के क्षेत्र में कवि के रूप में अपनी सेवा दे रहे पूर्व शिक्षक हरि ओम शर्मा दाऊ, उज्जैन के कवि रमेश कुमार, विदिशा के मनीष कुमावत, सागर के कवि साहित्कार लक्ष्मी वर्मा का सम्मान केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने किया।

इस मौके पर साहित्कार श्री दाऊ ने कहा कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की ज़िम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है। बल्कि इसके लिए हम सभी का सम्मिलित प्रयास आवश्यक है। बिना अपनी भाषा ज्ञान के पूर्ण अभिव्यक्ति नहीं हो सकती। अधिकाधिक कार्य हिन्दी में ही करना चाहिए। ऽकार्यक्रम के दौरान संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी आदि ने वेट लिफ्टिर शिशिर शर्मा कृष्ण डेरी का सम्मान किया और कहाकि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य पूरे विश्व में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए अधिक प्रयास करना और इसे अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में विकसित करने के लिए हर स्तर पर कदम उठाया जाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्र के संचालक श्री सिंह ने कहा कि राजा और गुरु के पास खाली हाथ नहीं जाते है, यह हमारे देश की परम्परा है कि गुरु का सम्मान किया जाना चाहिए। संस्कृत के बाद यदि भारतीय संस्कृति की पहचान किसी भाषा में सुरक्षित है, तो वह हिन्दी है। उत्तर भारत में आज भी कबीर की वाणी और रामचरितमानस जितने मनोयोग के साथ पढ़ें और गुने जाते हैं, उतने मनोयोग से किसी भी भाषा का साहित्य नहीं पढ़ा जाता। किसी भी भाषा का स्वरूप उसकी जनता तय करती हैं, इसलिए हिन्दी एक वचन नहीं बहुवचन है। यह बहु वचनता ही उसकी असल ताकत है। यह बहुवचनता जब तक बनी रहेगी, तब तक हिन्दी बची रहेगी। हिन्दी की असल ताकत उसकी बोलियां है। इसीलिए हिन्दी साहित्य का स्वर्ण युग भक्ति काल है और भक्ति काल हिन्दी की बोलियों का साहित्य है। यह हमारा सौभाग्य है कि श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में लंबे समय से पूर्व शिक्षक और साहित्य के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे श्री शर्मा का सम्मान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान अनेक वक्ताओं ने यहां पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

### ऐसे कार्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरुकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देते हैं

# विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शिक्षकों ने निजी व्यय से लगवाए पंखे, बच्चों ने एक स्वर में कहा थैंक्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय माध्यमिक शाला कोड़ियाछीतु ब्लॉक सीहोर के शिक्षकों ने अपने कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को गर्मी के कारण कक्षाओं में अध्ययन के दौरान पसीने और उमस के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बच्चे असुविधा महसूस कर रहे थे, जिससे उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता था।

इस परिस्थिति को देखते हुए विद्यालय के शिक्षक संजय सक्सेना, शैलेन्द्र सिंह ,देवेन्द्र चौहान,देवकरण मालवीय,माधुरी जोशी, फूलवती सेन,मंजू राठौर, शशिबाला नामदेव ने स्वयं आगे बढ़कर अपने निजी व्यय से प्रत्येक शिक्षक ने 1500 - 1500 रुपये एकत्र कर कक्षा पहली से आठवीं तक कक्षाओं में पंखे लगवाने का निर्णय लिया। यह पहल न केवल विद्यार्थियों की तात्कालिक समस्या का समाधान करती है बल्कि यह भी दर्शाती है कि शिक्षक केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों के संपूर्ण विकास और सुविधा का भी पूरा ध्यान रखते हैं।





**विद्यालय परिवार और ग्रामवासियों की प्रतिक्रिया :** विद्यालय में पंखे लगाए जाने के बाद विद्यार्थी अब बेहतर और सुखद वातावरण में पढ़ाई कर पा रहे हैं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक बताया कि अब उन्हें गर्मी से राहत मिल रही है और वे पढ़ाई में अधिक ध्यान केंद्रित कर पा रहे हैं। सभी बच्चों में मिलकर अपने गुरुओं को एक साथ धन्यवाद दिया। ग्रामवासियों एवं अभिभावकों ने शिक्षकों के इस प्रयास का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्य समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता को बढ़ावा देगा। उन्होंने शिक्षकों को सच्चे गुरु की संज्ञा देते हुए कहा कि ऐसे शिक्षक ही बच्चों का भविष्य उज्ज्वल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय सक्सेना ने बताया कि हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित ज्ञान देना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा माहौल उपलब्ध कराना भी है जिसमें वे सहज और प्रेरणादायी वातावरण में पढ़ाई कर सकें। जब बच्चे आरामदायक माहौल में अध्ययन करते हैं तो उनकी सीखने की क्षमता और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि होती है। अन्य शिक्षकों ने भी कहा कि यह पहल बच्चों के हित में एक छोटा सा प्रयास है, जो भविष्य में बड़े बदलावों की नींव रख सकता है। अनुकरणीय पहल शिक्षकों द्वारा किया गया यह कार्य केवल एक विद्यालय तक सीमित नहीं है बल्कि अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ संसाधनों की कमी के कारण अक्सर बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, वहाँ इस प्रकार की पहल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण साबित होती है। यदि शिक्षक और समाज मिलकर आगे आएँ तो किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान संभव है। सिद्धार्थ रघुवंशी ने कहा कि शासकीय माध्यमिक शाला कोड़ियाछीतु के शिक्षकों का यह सराहनीय योगदान विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम है। यह पहल न केवल विद्यालय बल्कि संपूर्ण समाज के लिए अनुकरणीय है।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**सीहोर।** वर्षा ऋतु में होने वाली जलजनित बीमारियों के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और दूषित जल से होने वाले रोगों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियाँ अपनाएँ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुद्ध जल का उपयोग करने एवं जलजनित रोगों से सुरक्षा के लिए सलाह दी गई है। दूषित पानी के सेवन से उल्टी-दस्त, पेचिश, हैजा, पीलिया और टाइफाइड जैसी गंभीर बीमारियाँ होने की संभावना बढ़ जाती है। एडवाइजरी में कहा गया है कि रोगों से बचने के लिए सावधानियाँ और सुरक्षा उपाय अपनाकर स्वयं एवं परिवार को सुरक्षित करें। स्वास्थ्य विभाग एडवाइजरी में कहा है कि खानपान के लिए सदैव स्वच्छ एवं सुरक्षित उबला अथवा फिल्टर जल का ही प्रयोग करें। यदि पानी की शुद्धता संदिग्ध हो, तो उसे पहले उबालें, साफ कपड़े से छानें अथवा क्लोरीन की गोली डालें और कम से कम एक घंटे के बाद उसका सेवन करें। खाना बनाने, परोसने और खाने से पहले तथा शौच के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोना अत्यंत आवश्यक है।

### एप के माध्यम से बिजली बिल जमा करने के एक माह बाद विभाग ने फिर से भेज दिया बीते माह का बिल


# डिजीटल युग में भी उपभोक्ता को ऑनलाइन बिजली बिल भरने के बाद भी बनाया गया बकायादार


**मामला भैरूंदा के बिजली विभाग का जहां बिजली ऑफिस के चक्कर न काटने पड़े, आनलाइन से बिजली बिल जमा किया,उपभोक्ता बिजली बिल जमा करने के बाद भी बकायादार बना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

आज के इस डिजिटल योग में भी लोग परेशानी झेल रहे है। तो वहीं ऑनलाइन बिजली बिल जमा करने वालों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली दफ्तर जाने से बचने के लिए लोग ऑनलाइन बिल तो जमा कर रहे हैं ,लेकिन अब अव्यवस्था हो रही है। कई ऐप के माध्यम से बिल जमा किए जा सकते हैं। इस बीच ऐसे मामले भी सामने आए जिनमें ऐप के माध्यम से बिल जमा करने के एक माह के बाद ही फिर से बिल भेज दिया गया। बकायादार से बिल जमा करने को इसमें कहा गया।

ऐसा ही मामला हाल ही में तहसील भैरूंदा अतरालिया के निवासी सपनेश यादव का है। जिन्होंने वर्तमान में बिजली बिल




का भुगतान 1160 रुपए और पिछला बकाया 2186 दो माह का बकाया बिल देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने ऑनलाइन ऐप के जरिए 12 सितंबर को उनके मोबाइल से 1160 रुपए का बिल का भुगतान किया गया था। ऐसे ही पिछले अगस्त माह का दूसरा बिल भी 13अगस्त को 2186 रुपए का भुगतान किया गया। दोनों बिलों की खाते से राशि कटने के साथ ही बिजली कंपनी से भी सफलतापूर्वक बिल जमा होने का मैसेज मिल गया। अब इनकी दुकान का बिजली बिल फिर से उन्हेंथमा गए। सपनेस यादव ने बताया कि हर माह बिजली बिल ऑनलाइन से भुगतान करता हु। उन्होंने उनके मोबाइल पर ऑटो मोड़ कर रखा है जिससे हर माह बिल का भुगतान समय पर हो सके। ओर उन्हें आने जाने लाइन में न लगना पड़े, साथ ही समय की बचत हो सके। पिछले दो माह का बकाया बिल देखकर तो उन्हें यकीन नहीं हुआ कि ये बिल उनकी दुकान का है। दुकान का दो माह का बकाया 3346 रुपए बिल का भुगतान करने को कहा गया है। जिसकी अंतिम तारीख 22सितंबर को भुगतान करना अनिवार्य है। उन्होंने अभी इसकी शिकायत नहीं की। अब वह बिजली कार्यालय में जाकर इस मामले में शिकायत दर्ज करेंगे। ऑनलाइन बिल भरने के बाद भी बकायादार बताए जाने पर बिजली लाइन कटने का डर से सता रहा है। उनका कहना अभी तक बिजली विभाग से न कोई मैसेज न ही बिजली काटने की चेतावनी दी गई।

## भगवान झूलेलाल मंदिर के सामने सिंधी कॉलोनी में सात दिन तक बहेगी रामचरित्र मानस की गंगा





**सीहोर।** शिवशक्ति सांस्कृतिक मंडल के द्वारा भगवान झूलेलाल मंदिर के सामने सिंधी कॉलोनी मैदान पर सात दिनों तक श्रीरामचरित्र मानस ज्ञानगंगा यज्ञ का आयोजन कराया जाएगा। मनकामेश्वर मंदिर से भव्य कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली जाएगी। श्रीखाटु श्यामजी भजन संध्या कराई जाएगी। शहर के सभी नागरिकों को घर घर पहुंचकर कार्यकर्ताओं के द्वारा हल्दी अक्षत देकर कथा का आमंत्रण दिया जाएगा। आगामी 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक सिंधी कॉलोनी मैदान पर कथा होगी।

रविवार को आयोजन की तैयारियों को लेकर भगवान झूलेलाल मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी डॉ अजय पटेल, विशेष अतिथि जितेंद्र तिवारी,सिंधी समाज अध्यक्ष रमेश आहुजा,सेन समाज अध्यक्ष तुलसीराम सेन सम्मिलित हुए। बैठक की अध्यक्षता शिवशक्ति सांस्कृतिक मंडल के अध्यक्ष मनोज शर्मा के द्वारा की गई। हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष आशीष गुप्ता,युवा सिंधी समाज अध्यक्ष भूपेंद्र पाहुजा, अखिल भारतीय धाकड़ संघ के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र नागर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक सिसोदिया,साहु समाज अध्यक्ष जितेंद्र साहू बालमिकी समाज अध्यक्ष राजू बोयत,वरिष्ठ पत्रकार केजी बैरागी,सेवादल जिलाध्यक्ष नरेंद्र खंगराले, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सुनील राय, भाजपा श्यामपुर मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर, समासजेवी सेवा यादव, एडवोकेट श्रवण वास्तवार, बिन्नी अरोरा,दुष्यंत दासवानी डॉ आशुतोष दीक्षित आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में शिवशक्ति सांस्कृतिक मंडल के सदस्य मनोहर सिसोदिया, अनुज श्रीवास्तव विनय अरोरा,,हरिओम दाऊ जितेन्द्र भारती,आशीष राठौर हरीश विश्वकर्मा मनोज दीक्षित, दीपक राठौर,संतोष वर्मा, अमन वर्मा, निखिल वर्मा अनिल खूबचंदानी, रोमी आहुजा, गोपाल कालरा, मंजित जादवानी आदि शामिल उपास्थित रहे।

## गांजा जैसे नशीले पदार्थ बच्चों को भी ले रहे अपनी चपेट में

**क्षेत्र को लोगों को बड़ी कार्रवाई का इंतजार**







**रेहटी।** नगर रेहटी वा ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गांजे के सेवन करने वाले शौकीनों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। लगातार गांजे का सेवन करने वालों की संख्या मैं इजाफा हो रहा है युवाओं के साथ साथ नाबालिक बच्चे भी गांजे का सेवन कर रहे हैं।क्षेत्र में कोई दुकानों पर तो छोटे-छोटे बच्चों को बिठाकर गांजे की चिलम पिलाई जा रही है लेकिन प्रशासन ईश्वर क्यों कार्रवाई नहीं कर रहा यह समझ से परे है लगातार गांजा क्षेत्र मैं गांजा की पुड़िया बेची जा रही है और बच्चे अपना भविष्य चौपट कर रहे हैं।

**बिगड़ रही है बच्चों और युवाओं की मानसिक स्थिति :** लगातार गांजे का सेवन करने से बच्चे व युवक की मानसिक स्थिति बिगड़ रही है वह पागलों जैसी हरकत करते हैं अगर उन्हें गांजे की चिलम नहीं मिले तो वाह मरने मारने पर उतारू होते हैं लगातार गांजे का सेवन करने से के युवाओं ने तो अपने घरों का सामान तक भेज चुके हैं लेकिन पुलिस प्रशासन इस ओर कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है धीरे धीरे गांजे जैसा नशीला पदार्थ नगर रेहटी सहित ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी अपनी चपेट में लेता जा रहा है बच्चों के अभिभावक भी परेशान हैं नगर रेहटी के कई बच्चों को तो अभी तक नशा मुक्ति केंद्र भी भेजा जा चुका है। गांजे का सेवन कर नशेड़ी रात भर ग़दर करते हैं हनुमान चौक में रहने वाले लोग काफी परेशान हो चुके हैं लेकिन पुलिस प्रशासन अभी तक गांजे की बिक्री करने वाले एवं गांजे का सेवन करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की है। देखना है प्रशासन कब जागता है।या मूकदर्शक बनकर बैठा रहता है।

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रदेश में 17 सितम्बर से 2 अक्टूवर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा में प्रदेश में अनेक गतिविधियाँ आयोजित किये जाने के संबंध में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित कर सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीसी के पश्चात कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को जिले में सेवा पखवाड़ा के तहत गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को सेवा पखवाड़ा के साथ ही राष्ट्रीय पोषण माह एवं स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का भी शुभारंभ होगा। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास और पंचायत एवं ग्रामीण विकास सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित स्वच्छता कार्यक्रमों से जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह प्रयास करें कि इन अभियानों के तहत आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में जिला अव्वल स्थान पर रहे। अभियान के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ₹सेवा पखवाड़ा अभियान₹ के तहत जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में गतिविधियां संचालित की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक जिले के निर्धारित स्वास्थ्य केन्द्रो पर क्रमानुसार रक्तदान शिविरों एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाए। सभी नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएं और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में एक पेड़ मां के नाम और एक बगिया मां के नाम अभियानों के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सभी नगरीय निकायों एवं बड़ी ग्राम पंचायतो में नमो पार्क, नमो वन, नमो उपवन विकसित किए जाएं। जिले में विद्यालय स्तर एवं जिले स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि 27 एवं 28 सितम्बर को सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए जिले स्तर पर विशेष शिविर लगाकर उपकरणों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। 2 अक्टूबर को आमजन में खादी बस्तुओं एवं वस्त्रों, स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प के क्रय को प्रोत्साहन किया जाये। इसके लिए महिला स्व-सहायता समूहो, स्थानीय कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनियां लगाई जाएं। इसके साथ ही विकसित भारत थीम पर जिले के समस्त स्कूल कॉलेजों में चित्रकला, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी आयोजित की जाएं।

## तहसीलदार अमित सिंह ने प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों की ली क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



तहसीलदार अमित सिंह ने रविंद्र सांस्कृतिक भवन टाउन हाल लाइब्रेरी में संचालित यूपीएससी व एमपीपीएससी निशुल्क कोचिंग क्लास के अभ्यर्थियों की क्लास ली।

उन्होंने अभ्यर्थियों को अर्थशास्त्र पढ़ाया। कहा किसी भी परिभाषा को पढ़ते समय उसे छोटे-छोटे भागों में तोड़ लेना चाहिए, ताकि वह परिभाषा आपको आसानी से समझ आ जाए और महत्वपूर्ण बिंदु भी याद रखे जा सकें। क्लास में उन्होंने अभ्यर्थियों को वृद्धि और विकास में अंतर, संसाधन, धन, वित्त और मुद्रा आदि बिंदुओं के बारे में जानकारी दी। यह निशुल्क कोचिंग क्लास आदर्श परिवार व आधुनिक नालंदा द्वारा संचालित की जा रही है। इस दौरान नेहा महेश्वरी, नीतू लोधी, कविता मंडावरिया, हितिश दुबे व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## लोक अदालत में 711 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



शनिवार को आयोजित हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 711 प्रकरणों का निराकरण हुआ इसमें कुल 1,43,12,380 रुपए के अवार्ड पारित हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आयोजित नेशनल लोक अदालत का जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डॉ वैभव विकास शर्मा,न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सपना शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मिताली पाठक अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कैलाश मालवीय ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।ऐडीजे न्यायालय में 78 प्रकरण मजिस्ट्रेट न्यायालय में 101 प्रकरण निराकृत किए गए इसी तरह नगर परिषद बुधनी,रहटी शाहगंज द्वारा जलकर संपत्ति कर दुकान कर के384 प्रकरणों का निराकरण कर 9,28,180 रुपए का राजस्व वसूल किया गया बैंकों से संबंधित 29 प्रकरणों का निराकरण कर 59,76,200 रुपए की वसूली की गई राजीनामा के आधार पर निराकरण प्रकरणों में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डॉ वैभव विकास शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सपना शिवहरे,न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मिताली पाठक द्वारा पक्षकारों को पौधे वितरण किए गए।

### पड़ोसियों ने विवाद छोड़ नेशनल लोक अदालत में एक दूसरे को लगाया गले

# 5221 प्रकरणों का निराकरण किया गया और 11 करोड़ 25 लाख की जमा हुई समझौता राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर जिले में जिला एवं तहसील स्तर पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने किया। लोक अदालत में 5221 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं समझौता राशि 11 करोड़ 25 लाख 79 हजार 156 रूपये जमा हुई।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य ने कहा कि लोक अदालत से पक्षकारों के साथ अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों को भी परम शांति की अनुभूति होती है क्योंकि इससे एक प्रकरण नहीं बल्कि एक विवाद हमेशा के लिए निराकृत हो जाता है एवं पक्षकारों के बीच आपसी स्नेहपूर्ण सम्बध स्थापित होते है। यही लोक अदालत की सबसे सुंदर बात है। उन्होंने कहा कि हमें हर योजना को उसके मूर्त रूप में लागू कर आमजन को लाभान्वित करना चाहिए। आमजन को सस्ता सरल और सुलभ न्याय दिलाने का लोक अदालत एक प्रभावी स्थान है, जो वर्तमान समय में समाज के लिए सबसे ज्यादा आवश्यक है। उन्होंने न्यायालय परिसर में लगाए गए बैंक, नगर पालिका, विद्युत मंडल आदि के स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और लोक अदालत में आए नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधितों निराकरण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने घरेलू हिंसा के विषय में तैयार बैनर का अनावरण भी किया गया। उन्होंने 40 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके न्यायाधीशगण दीपेन्द्र मालू, उजाला शुक्ला एवं आकांक्षा कुमार उचाडिया को प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये। इस अवसर उन्होंने राजीनामा करने वाले पक्षकारों को फूल माला एवं पौधे देकर प्रोत्साहित भी किया।

**कुल 5221 प्रकरणों का किया गया निराकरण :** नेशनल लोक अदालत में कुल 5221 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं समझौता राशि 11 करोड़ 25 लाख 79 हजार 156 रूपये जमा हुई हैं।

नेशनल लोक अदालत में उपभोक्ता फोरम में 934 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया गया एवं समझौता राशि 07 करोड़ 39 लाख 39 हजार 520 रुपये जमा कराई गई। इसी प्रकार नेशनल लोक अदालत की खंडपीठ के समक्ष 4287 प्रकरणों का निराकरण हुआ एवं समझौता राशि 03 करोड़ 86 लाख 39 हजार 636 रुपये जमा कराई गई।

**पुराने प्रकरणों का हुआ निराकरण :** नेशनल लोक अदालत के अवसर पर न्यायाधीश शिवानी श्रीवास्तव के न्यायालय में चेक बाउंस के 04 प्रकरण जो 05 वर्ष से अधिक पुराने थे उनका निराकरण किया गया। इसी प्रकार न्यायाधीश दीपेन्द्र मालू के न्यायालय में 05 वर्ष से अधिक पुराने मामले का निराकरण किया गया, यहां एक प्रकरण 14 लाख 20 हजार रुपये राशि के चेक बाउस के सम्बंध में लंबित था जिसका लोक अदालत में निराकरण हुआ इस प्रकार अनेक पुराने प्रकरण लोक अदालत में निराकृत हुये।

## साइकिल पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे, शासकीय स्कूल चीच में हुआ साइकिल वितरण कार्यक्रम



**भैरूंदा।** शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चीच में शनिवार को 45 छात्र-छात्राओं को निः शुल्क साईकिल वितरित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन लाल चेयरमैन, ग्राम पंचायत सरपंच संदीप पंवार ,शिक्षक संघ, शाला प्राचार्य नारायण पंवार , पीटीआई राकेश पंवार (रक्का) सहित ग्रामवासी, शिक्षक ,शिक्षिका की उपस्थित में कक्षा 6 के 16, कक्षा 9 के 29 कुल सभी 45 विद्यार्थियों को साईकिल वितरण की। इस दौरान साईकिल पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन लाल चेयरमैन ने सभी को नई साइकिल की बधाई देते हुएं मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। साइकिल मिलने से आवागमन में समय की बचत होगी। इस दौरान छात्र-छात्राओं के पालक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता व स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

निर्माण एजेंसी एलएण्डटी कंपनी को काम में तेजी लाने सहित दिए अन्य निर्देश

# जल निगम के कार्यों की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने जाहिर की नाराजगी

## 2023 में पूर्ण होने वाली परियोजना 2025 तक भी अपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

हर घर नल से जल पहुंचाने जल निगम एवं पीएचई विभाग की जल जीवन मिशन योजना के तहत कुंडालिया परियोजना से जुड़े कार्यों की कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई।

इस दौरान उन्होंने पाया कि कुंडालिया डैम से संबद्ध सारंगपुर, खिलचीपुर एवं जीरापुर में कार्य बेहद धीमी गति से चल रहे हैं। उक्त कार्यों को निर्माण एजेंसी एलएण्डटी कंपनी द्वारा सुस्त गति से किया जा रहा है जिसके चलते परियोजना अपने तय समय से दो वर्ष बाद भी पूर्ण नहीं हो सकी है। इसी के चलते कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए योजना की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश प्रदान किए।

### कुंडालिया से जुड़े आधे गांवों तक भी नहीं पहुंचा पानी



उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन के तहत कुंडालिया परियोजना से जुड़े 534 गांवों में से फिलहाल 230 गांवों में सप्लाई सुचारू है। इस तरह देखा जाए तो आधे से अधिक गांवों के घरों में तय समय सीमा में पानी नहीं पहुंच पाया है। जिन गांवों में सप्लाई सुचारू है वहां से भी कभी-कभार पानी न मिलने सहित अन्य शिकायतें मिलती रहती हैं।

### कार्य क्षेत्र से ही उपस्थिति लगाने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने एसक्यूसी एंड टीपीआईए स्टॉफ को सार्थक ऐप पर अपने कार्यक्षेत्र से ही उपस्थिति लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही परियोजना में प्रचार-प्रसार का कार्य कर करने वाली आईएसए के भुगतान की भी जानकारी 7 दिवस में प्रस्तुत करने के तल्ख निर्देश जल निगम के अधिकारियों को प्रदान किए गए। गांवों में चल रहे पाइप लाइन बिछाने से लेकर कमीशनिंग के कार्य में गति लाने हेतु अतिरिक्त टीमें बढ़ाने के निर्देश भी जिलाधीश ने प्रदान किए। इसके साथ ही शेष कार्यों की कार्ययोजना 7 दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

आकांक्षी ब्लॉक जीरापुर के समस्त 216 गावों में आगामी 2 माह में शत-प्रतिशत कवरेज कर प्रत्येक गांव में पेयजल को नियमित करने के निर्देश दिए गए। विभाग में पेंडिंग सीएम हेल्पलाइन की समस्त शिकायतों को भी इस माह में बंद करने के निर्देश जारी किए। बैठक के अवसर पर जिल निगम के महाप्रबंधक एस.के. जैन, उप प्रबंधक सचिन दांगी, टीम लीडर एवं इंजीनियर योंगेंद्र सिंह तोमर सहित एलएण्डटी कंपनी का स्टाफ उपस्थित था।

### दो साल पीछे चल रही परियोजना

आपको बतादें कि जल निगम से जुड़ी पांच परियोजनाओं में मोहनपुरा, कुंडालिया, गोरखपुरा, बांकपुरा, पहाड़गढ़ में से कुंडालिया परियोजना के कार्य ही बेहद धीमी गति से चल रहे हैं। अन्य परियोजनाओं के कार्य लगभग-लगभग पूर्ण हो चुके हैं। कुंडालिया के कार्यों की प्रगति धीमी होने के चलते जिस परियोजना को साल 2023 में पूर्ण हो जाना था उस पर दो साल बाद 2025 तक कार्य प्रगतिरत है।

वार्ड-8 स्थित संकट मोचन मंदिर पहुंच मार्ग का मामला

# संघ प्रमुख के आगमन पर रातों रात बनी सड़क अब हुई बदहाल



हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

कुछ वर्षों पूर्व राष्ट्रीय स्वयं सेवक द्वारा राजगढ़ नगर के वार्ड-8 स्थित संकट मोचन बड़ली क्षेत्र में 3 दिवसीय शिविर का आयोजन करवाया गया था। इस शिविर में संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत का आगमन भी हुआ था। ऐसे में प्रशासन द्वारा रातों-रात हाईवे के बाईपास से लेकर संकट मोचन मंदिर तक डामरीकृत सड़क का निर्माण करवाया गया था।

परन्तु, वर्तमान में उक्त सड़क की हालत इतनी अधिक जर्जर और खराब हो चुकी है कि कार चालकों सहित दो पहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। बाईपास से संकट मोचन मंदिर तक कहीं सड़क का डामर पूरी तरह उखड़ चुका है तो कहीं गिट्टी, कीचड़ आदि से सड़क सनी हुई है।

### कई कर्मचारी सहित श्रद्धालु भी परेशान

उक्त सड़क से आईटीआई कॉलेज, सांदीपनी विद्यालय(सीएम राईज), नापतोल दफ्तर सहित अन्य विभागों भी जुड़े हुए हैं। ऐसे में न केवल मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं बल्कि उक्त कार्यालयों के कर्मचारियों को भी बदहाल सड़क के कारण प्रतिदिन खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उबड़-खाबड़ सड़क पर जब सीएम राईज स्कूल की बसें चलती हैं तब उनमें बैठे छात्र-छात्राओं को भी खासी दिक्कतें उठानी पड़ती हैं। ऐसे में स्थानीय रहवासियों, मंदिर जाने वाले श्रृद्धालुओं सहित आमजनों ने इस सड़क का पुर्ननिर्माण करवाने की मांग संबंधित विभाग से की है।

### संपूर्ण राजगढ़ नगर में आज 4 घंटे गुल रहेगी बिजली

**राजगढ़।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रविवार 14 सितंबर को ग्रिड एवं फीडरों के मेंटेनेंस कार्य किए जाने हैं। इसके चलते संपूर्ण राजगढ़ शहर में 4 घंटे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। विभाग के जूनियर इंजीनियर शिवांश त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को उपकेंद्र एवं 11 केवी लाइनों सहित अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य विभाग द्वारा करवाए जाएंगे। इसके चलते दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक पूरे राजगढ़ नगर में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि मेंटेनेंस के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

जिला अस्पताल की पीआईसीयू यूनिट में किया गया था भर्ती

# विशेष उपचार उपरान्त स्वस्थ होकर घर लौटा अति-कुपोषित बालक

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

जिला अस्पताल में लापरवाहियों के मामले तो अक्सर सामने आते रहते हैं परन्तु यहां की कुछ विंग और यूनिटों में काफी बेहतर तरीके से मरीजों का उपचार किया जा रहा है। बेहतर कार्य का उक्त उदाहरण जिला अस्पताल की पीआईसीयू यूनिट से सामने आया है जहां 14 दिन पूर्व निमोनिया से पीड़ित एक अति कुपोषित 01 वर्षीय बच्चे को गंभीर हालत में यहां भर्ती करवाया गया था।

बच्चा श्वसन संबंधी अत्यधिक कष्ट, कमजोरी और दूध के साथ पोषण आहार न ले पाने की स्थिति में अस्पताल लाया गया था। हालत नाजुक होने के कारण उसे तुरंत शिशु गहन चिकित्सा इकाई(पीआईसीयू) में भर्ती किया गया। प्रारंभिक स्थिरीकरण के बाद ऑक्सीजन सपोर्ट और दवाइयाँ शुरू की गईं। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र के सहयोग एसएएम प्रोटोकॉल के तहत बच्चे को चिकित्सीय आहार (थेरैप्यूटिक फीडिंग) दिया गया। लगातार विशेषज्ञों एवं स्टाफ की अनवरत देखरेख और सघन उपचार से बच्चे की हालत में धीरे-धीरे सुधार होने लगा। 14 दिन के उपचार और देखभाल के बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य रूप से आहार लेने लगा जिसके उपरान्त उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### इनका रहा सहयोग

बच्चे के इलाज में पीआईसीयू प्रभारी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. चंदा दांगी, ज्योति यादव सहित अन्य नर्सिंग स्टाफ की अहम भूमिका रही। टीम की उनकी सतत निगरानी, समर्पित प्रयास और अनुभव ने मासूम को दूसरा जीवन प्रदान किया। यह सफलता चिकित्सकीय उपलब्धि के साथ ही उन परिवारों के लिए भी प्रेरणा है जो गंभीर कुपोषण और बीमारियों से जूझ रहे बच्चों को लेकर निराश हो जाते हैं।

# अपनी मांगों को लेकर सेल्समैन ने शुरू की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ब्यावरा




मध्य प्रदेश सहकारी हमारी समिति महासंघ भोपाल के बैनर तले विभिन्न मांगों के लेकर शुरू की गई सेल्समैनो की हड़ताल लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। सेल्समैनो की मांग है कि सहायक समिति प्रभारी को 60 प्रतिशत पद उन्नति की जाए। अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 महीने का 3000 प्रति महीने के हिसाब से 54000 रु की राशि मिलना थी जो केवल 18 जिलों को मिली है शेष 34 जिलों को अभी भी यह राशि का भुगतान नहीं किया गया है जिसका भुगतान तत्काल किया जावे राज्य शासन ने कर्मचारियों को बढ़ा हुआ वेतन का आदेश दिया है और कुछ जिलों में इसका भुगतान हो गया है परंतु राजगढ़ जिले में आज तक भुगतान नहीं किया गया है। सभी कर्मचारियों को बड़े हुए वेतन का भुगतान तत्काल किया जावे, प्रत्येक उचित मूल्य की दुकान वन समिति स्व सहायता समूह एवं उपभोक्ता भंडार प्रत्येक दुकान को जो राशन भेजते हैं उसमें घटती होती है उसकी भरपाई के लिए 2 किलो प्रति क्विंटल पर क्षतिपूर्ति राज शासन द्वारा दी जाए। सेल्स मेन का कहना हे कि जब तक हमारी मांगों का निराकरण नहीं होगा तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। इस स्थिति में ना खाद बीज राशन सीसीसी आदि काम नहीं किए जाएंगे इसलिए शासन को हमारी मांगों पर तत्काल विचार करना चाहिये। इस दौरान जिला अध्यक्ष विश्राम सिंह, जगदीश सक्सेना मनीष शर्मा, नंदकिशोर मीणा, संगठन मंत्री जगदीश गोस्वामी, विजय सिंह बरखेड़ा, रूपसिंह सोलंकी, नन्नूलाल, हरिओम दांगी, महेंद्र सिंह राजपूत, ओमप्रकाश दांगी, नारायण यादव, इंदर सिंह सोंधिया, इंदर सिंह लोधी, दलपत सिंह तोमर आदि मौजूद रहे।

# चेतराम गुर्जर मां जालपा गौशाला समिति के अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

पशु चिकित्सा विभाग ने राजगढ़ एसडीएम निधि भारद्वाज द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में मां जालपा गौशाला का संचालन कर रही वर्तमान समिति को भंग कर नवीन समिति गठित की है। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर एवं पूर्व विधायक पंडित हरिचरण तिवारी के संरक्षण में गौशाला संचालन का दायित्व गौ-सेवक चेतराम गुर्जर को सौंपते हुए उन्हें गौशाला का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही कुलदीप गुर्जर को समिति के सचिव का दायित्व सौंपा गया है। इस नियुक्ति पर नगर के गौसेवकों, इष्टमित्रों सहित अन्य ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# किसानों ने नेशनल हाईवे का काम रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

ग्यारसपुर के बरमढ़ी के नाराज किसानों ने ग्यारसपुर से राहतगढ़ और सागर की ओर बनाए जा रहे नेशनल हाईवे 146 का काम रुकवा दिया। जिन किसानों की जमीन नेशनल हाईवे में भू अर्जन के दौरान गई है उन किसानों के खातों में अभी तक मुआवजा नहीं पहुंचा है।



हाईवे निर्माण के दौरान विरोध दर्ज कराते हुए किसान।

शुक्रवार दोपहर किसान एकत्रित हो गए और काम रुकवा दिया। बरमढ़ी के किसान अजय गुर्जर, सुनील गुर्जर, नील किशन आदिवासी, चरण सहरिया, गुड्डा गुर्जर, गुलाब अहिरवार, प्रेम नारायण गुर्जर, रामकरण सिंह गुर्जर, कैलाश आदिवासी नील किशन सहरिया ने काम रुकवाया। त्यौंदा तहसीलदार ऋतु राय ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा जिन किसानों की भू अर्जन के दौरान जमीन ली गई है उन सभी किसानों की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। खातों में राशि पहुंच जाएगी। इस संबंध में एनएचएआई के परियोजना अधिकारी सिद्धांत सिंघई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आपके माध्यम से मेरे पास काम रुकवाने की जानकारी प्राप्त हुई है। मैं निर्माण एजेंसी से बात करुंगा। क्या समस्या आ रही है दिखवाता हूं।

नेशनल कन्ज्यूमर हेल्पलाइन पर की शिकायत

# 22 पेज का बैंक स्टेंटमेंट निकालने में लगे 3186 रुपए, शिकायत की

**राजगढ़।** बैंक ऑफ इंडिया की खिलचीपुर शाखा से 22 पेज का अपना बैंक स्टेटमेंट निकलवाने के एवज में बैंक द्वारा संबंधित खाताधारक के एकाउंट से 3 हजार 186 रुपए काट लिए गए। ऐसे में संबंधित खाताधारक ने नेशनल कन्ज्यूमर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई है।

खाताधारक रामप्रसाद दांगी ने बताया कि उनका खिलचीपुर की बैंक ऑफ इंडिया में एकाउन्ट है। दांगी ने 2 वर्षों का बैंक स्टेटमेंट निकलवाने बैंक में आवेदन दिया था। दांगी ने बताया कि उन्होंने जब स्टेटमेंट के चार्ज के बारे में पूछा तब 200 रुपए बताया गया था लेकिन जब 22 पेज का स्टेटमेंट निकलवाया तो खाते से 3186 रुपए काट लिए गए। इस बारे में बैंक प्रबंधन का कहना है कि उनके द्वारा 3 हजार 200 रुपए की राशि ही खाताधारक को बताई गई थी लेकिन उनके द्वारा गलत सुन लिया गया। इस संबंध में शाखा प्रबंधक बीओआई, मुकेश गहलोत का कहना है कि संबंधित उपभोक्ता की स्टेटमेंट संबंधी जो राशि काटी गई है, वह बैंक के नियमानुसार ही काटी गई है।

चार की हालत गंभीर, भोपाल रेफर

# हैदापुरा गांव में जमीन विवाद में जमकर चले लठ फर्सी, महिलाओं व बच्चों सहित दर्जनभर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭नरसिंहगढ़

नरसिंहगढ़ से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम हैदापुरा में शनिवार सुबह जमीन के पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जबरदस्त झगड़ा हो गया। सुबह करीब छह बजे शुरू हुई कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और लाठियां-कुल्हाड़ियां चलने लगीं। दोनों ओर से हुई मारपीट में महिला और बच्चे भी इसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को काबू किया। घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल लाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर 14 लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास, बलवा मारपीट सहित गम्भीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस विवाद के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है।

### महिलाएं और बच्चे भी आए चपेट में

इस विवाद में कई लोग घायल हुए है। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। लड़ाई के दौरान दोनों पक्षो के तुलसीराम, रामस्वरूप, गोकुल, रानीबाई, प्रियंका, नर्मदीबाई, रघुराज, गोपाल, मुकेश, पर्वती, राधा घायल हो गए है वही इस संघर्ष में गंभीर घायल अमृतलाल, सुंदरलाल शिवहरे, रघुराज शिवहरे और गोपाल शिवहरे को भोपाल रेफर किया गया है।

### इनका कहना है...

हैदापुरा में हुए विवाद में दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कुछ गम्भीर घायलों को भोपाल रेफर किया है। बाकी घायलों का सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है।

अभय सिंह, एसआई नरसिंहगढ़

# अस्थाई कनेक्शन लेकर ही पंडाल की सज्जा करें

**विदिशा।** बिजली कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे रामलीला, दुर्गा उत्सव, डांडिया एवं गरबा उत्सव के दौरान धार्मिक पंडालों एवं झाकियों में बिजली साज-सज्जा कंपनी से अस्थायी कनेक्शन लेकर ही करें। कंपनी ने नवरात्रि त्यौहार (22 सितंबर) तथा गरबा पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए प्रबंध किए हैं। प्रदेश की सभी धर्म की धार्मिक उत्सव समितियों से विद्युत क्षेत्र की सभी कंपनियों ने अपील की है कि वे धार्मिक आयोजन पूरे उल्लास, तन्मयता और परंपरानुसार मनाएं साथ ही पंडाल और उसके बाहर मैदान, सड़क पर लगाई जाने वाली बिजली में कम से कम 25 प्रतिशत की बचत कर ऊर्जा संरक्षण में अपना योगदान दें।

69वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समापन हुआ

# इंदौर संभाग की टीम ने जीती चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

69वीं राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का शुक्रवार को स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में समापन हो गया। समापन समारोह में विधायक मुकेश, स्कूल के चेयरमैन योगेंद्र राणा, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, प्राचार्य विनय अग्रवाल माजूद रहे।



**विदिशा।** ट्रॉफी दिखाकर खुशी का इजहार करते हुए इंदौर टीम के खिलाड़ी।

प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने प्रतियोगिता की जानकारी दी। अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम स्थान इंदौर, द्वितीय भोपाल एवं तृतीय ग्वालियर ने प्राप्त किया। वहीं अंडर -14 बालिका वर्ग में ग्वालियर प्रथम, इंदौर द्वितीय और भोपाल तृतीय रहे। अंडर -17 बालक वर्ग में ग्वालियर ने प्रथम, भोपाल ने द्वितीय और रीवा ने तृतीय स्थान हासिल किया। अंडर -17 बालिका वर्ग में भोपाल प्रथम, इंदौर द्वितीय एवं नर्मदापुरम तृतीय स्थान पर रहे। अंडर -19 बालक वर्ग में इंदौर ने प्रथम, भोपाल ने द्वितीय और उज्जैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर -19 बालिका वर्ग में इंदौर ने प्रथम, ग्वालियर ने द्वितीय और उज्जैन ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी वर्गों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ओवरऑल चैंपियनशिप इंदौर संभाग ने अपने नाम की और खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीता। सभी संभागों के जनरल मैनेजरों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में योगदान देने वाले सभी अंपायरों एवं रेफरियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन डीसीपी आरपी लखेर ने व्यक्त किया।

प्रतियोगिता के आयोजन में संयोजक के. सिंह, पीटीआई राजेंद्र यादव, अंबेश सोनी, अनिल सोनी, सर्वेश व्यास, कृपाशंकर पंथी, मुकेश शर्मा, कुलदीप भारती, सुरेश साहू एवं विनोद अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समापन समारोह में खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेलप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# दिव्यांगजनों को मिला सहारा, 74 को वितरित किए सहायता उपकरण



दिव्यांगों से चर्चा करते हुए सागर सांसद लता वानखेड़े

**कुरवाई।** शुक्रवार को आजीविका भवन में दिव्यांगजन के लिए शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सागर संसदीय क्षेत्र की सांसद डॉ. लता वानखेड़े, विधायक हरिसिंह सप्रे मौजूद रहे। कार्यक्रम में 74 पात्र दिव्यांगों को सहायक उपकरण बांटे गए। जिनमें इलेक्ट्रिक साइकिल, साधारण साइकिल, कृत्रिम हाथ-पैर, बैसाखियां, ट्राईसाइकिल, श्रवण यंत्र सहित अन्य आवश्यक उपकरण शामिल रहे। सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज की शक्ति हैं, उनके सहयोग और सशक्तिकरण के लिए सरकार हमेशा तत्पर है। विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि दिव्यांग भाइयों-बहनों की सहायता करना सरकार की प्राथमिकता है। उपकरण वितरण जैसी पहल उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

खबर संक्षेप

## विधायक ने स्वदेशी को लेकर शुरू किया जनजागरण अभियान



**आष्टा।** भारत को समर्थ, आत्मनिर्भर, सक्षम, शक्तिशाली बनाना है तो हम सब को स्वदेशी को अपनाना होगा। नागरिक जब भी घर से बाजार दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएं खरीदने जाए तो दुकानदार से स्वदेशी वस्तुएं ही मांगे ओर देश मे ही बनी वस्तुएं खरीदे। उक्त आव्हान विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा नगर में स्वदेशी अभियान के शुभारम्भ अवसर पर नागरिको से किया। विधायक ने कहा की स्वदेशी अपनाओ देश को मजबूत बनाओ को लेकर पूरे देश के नागरिको एवं व्यापारियों को यह संदेश जा रहा है कि जिन क्षेत्रों में भारत की पूर्ण निर्भरता है,उन क्षेत्रों में किसी भी विदेशी उत्पाद की ना ही बिक्री करे ओर न ही खरीदी करे। विधायक ने सामाजिक, व्यापारिक संगठनो से भी कहा की वे आगे आये और स्वदेशी सामान को खरीदने, बेचने और अपनाने को लेकर जन जागरण अभियान में सहयोग करे। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष ललित नागोरी सहित भाजपा के समस्त कार्यकर्ता,पदाधिकारी,पार्षद बड़ी संख्या में उपस्तिथ रहे । अपने प्रतिष्ठान पर पहुचे विधायक सहित सभी कार्यकर्तों का प्रतिष्ठान के मालिक संजय सिंघवी ने सभी का स्वागत सम्मान किया।

### शिक्षक दिवस और हिंदी दिवस के साथ इंजीनियर्स डे का किया आयोजन

# लायंस क्लब ने शिक्षक, इंजीनियर और साहित्यकारों का किया सम्मान

इंदौर-भोपाल रोड स्थित दीपक फास्टनर के परिसर में आयोजित किया कार्यक्रम। सम्मान समारोह में आठ लोगों को सम्मानित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



लायंस क्लब सिद्धपुर ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम रविवार को इंदौर-भोपाल रोड स्थित दीपक फास्टनर के परिसर में आयोजित किया। जिसमें शिक्षक, साहित्यकार, इंजीनियर, वकील सहित लायंस क्लब के सदस्य मौजूद रहे। लायंस क्लब ने सम्मान समारोह के साथ ही पौधारोपण भी किया जिसमें करीब 150 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दीपक फास्टनर के डायरेक्टर कार्तिकेय जयपाल, ब्ल्यू बर्ड स्कूल के संचालक बसंत दासवानी और बार काउंसलिंग के अध्यक्ष राधेश्याम यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम के बारे में क्लब के अध्यक्ष जयंत दासवानी ने बताया कि सम्मान समारोह में आठ लोगों को सम्मानित किया गया जिनमें छह शिक्षक, एक साहित्यकार और एक इंजीनियर शामिल रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में समाज के लिए सराहनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करना है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि कार्तिकेय जयपाल ने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माण करता है और कोई भी व्यक्ति किसी को शिक्षक तक नहीं बना सकता, लेकिन शिक्षक अधिकारी, नेता, व्यापारी कुछ भी बना सकता है। वहीं जो शिक्षक नवाचार कर रहे हैं, वो अपने प्रयासों से समाज में सार्थक बदलाव लाने का काम भी कर रहे हैं। इसी तरह बसंत दासवानी ने बताया कि मैं खुद भी शिक्षा के क्षेत्र से जुड़ा हूं। शिक्षक हमेशा अपने प्रयास से बिना किसी स्वार्थ के अपने छात्रों को ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास करता है। लायंस क्लब ऐसे शिक्षकों का सम्मान कर रहा है यह सराहनीय कदम है। इससे शिक्षको में उत्साह बढ़ेगा और वे लगातार सराहनीय कार्य करेंगे। वहीं राधेश्याम यादव ने कहा कि आयोजन के माध्यम से हम एक दूसरे से जुड़ते हैं और समाज के अच्छे लोगों को जानने का मौका मिलता है। इस तरह के आयोजन समाज में सराहनीय कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक कैलाष झमटानी, पवन सब्बरवाल, गोपाल दत्ता, महेंद्र शर्मा, संतोष कुमार धनवारे, सुधीर सिंह बैस के साथ ही साहित्यकार आकाश माथुर और इंजीनियर अनुप शाकल्य को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कवि जोरावर सिंह ने रचना पाठ किया। कार्यक्रम में लायंस सदस्य वीनित दुबे,



अजय तिवारी, कपिल जैन, अजय राय, जयेंद्र सिंह सेंगर, प्रभजोत सिंह आरोरा सहित अन्य साथी मौजूद रहे।

# हिंदी दिवस पर किया अधिवक्ताओं का सम्मान

### अधिवक्ता परिषद ने मनाया स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानिय आशीर्वाद पार्टी हाल में अधिवक्ता परिषद तहसील इकाई आष्टा द्वारा अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के 34 वे स्थापना दिवस एवं हिन्दी दिवस पर वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों में अधिवक्ता शिवप्रसाद दलोद्रीया, राजमल धारवा,नगीन जैन, सुधीर पाठक,बी एस ठाकुर, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती बरखा वर्मा, देवेंद्र सिंह ठाकुर (डीपीओ), बागोरिया जी, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अर्जुन सिंह सेंधव,अभिभाषक संघ आष्टा के अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, सचिव कुलदीप शर्मा का परिषद के अध्यक्ष रामेश्वर धनगर उपाध्यक्ष जीवन सिंह खजुरिया महामंत्री कृष्ण पाल सिंह भाटी ने साफा बांध कर प्रतीक स्वरूप उपहार भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। तत्पश्चात सभी उपस्थित अधिवक्ताओं का स्वागत एवं सम्मान प्रतीक स्वरूप उपहार भेंट कर किया गया।सभी अतिथियों के अपना उद्बोधन दिया। स्वागत भाषण अध्यक्ष रामेश्वर धनगर द्वारा दिया गया। सम्मान समारोह मे बड़ी संख्या में अधिवक्ता परिषद सिहोर जिला इकाई एवं आष्टा तहसील इकाई के सदस्यों सहित अभिभाषक संघ आष्टा के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट ने किया एवं अतः में आभार जीवन सिंह खजुरिया ने व्यक्त किया। सभी सामुहिक स्नेह भोज का आनंद लिया।

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उमावि में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने किया। शिक्षक सम्मान समारोह में जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, जनपद उपाध्यक्ष गजराज सिंह पटेल, न.पा. उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विषाल चौरसिया, भाजपा जिला महांमंत्री धारा सिंह पटेल, पार्षद तेज सिंह राठौर, भाजपा नेता हरि सिंह, विष्णु परमार, सेवानिवृत्त षिक्षक प्रकाष चंद मूंदड़ा, सीताराम वर्मा, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीहोर में सहायक प्राध्यापक डॉ. जितेन्द्र आर्य, बीआरसीसी अजब सिंह राजपूत, बंटी मंडलोई, प्रघूम्न मंडलोई आदि की उपस्थिति में किया गया। प्राचार्य सितवत खान द्वारा षिक्षक दिवस पर आमंत्रित सभी जनप्रतिनिधि, अतिथिगण और शिक्षक का स्वागत सम्मान किया गया। प्राचार्य ने स्वागत भाषण में कहा कि विधायक महोदय के विषेष प्रयासों से आष्टा को बहुत बड़ा सी.एम. राइज़ स्कूल मिला है, जिसके माध्यम से विद्यालय के समर्पित अनुभवी एवं प्रतिभाषाली शिक्षक विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान कर जीने की कला सिखा रहे है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र परिषद के सदस्यों द्वारा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का पुष्पमाला, श्रीफल व उपहार के साथ स्वागत सम्मान किया। विधायक ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज की नींव है, प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन में गुरू का बहुत महत्व होता है, बिना गुरू के शिक्षा अर्जित नही की जा सकती। समस्त गुरूजनों ने अपने समर्पण और ज्ञान के माध्यम से अनगिनत लोगों के जीवन को नया आकार दिया। षिक्षक न केवल आपकों शिक्षा देते है, बल्कि आपकों अनुभव और मार्गदर्शन के जरिए जीवन को सफल बनाने का मंत्र भी बताते है। विधायक द्वारा विद्यालय के राष्ट्रीय स्तर के सॉफ्ट बॉल खिलाड़ी पंकज मालवीय एवं राज्य स्तर के खिलाड़ी माही कंडारे, महेन्द्र वर्मा, मुस्कान मेवाड़ा, रीया महेष्वरी आदि को भी उत्कृष्ट प्रदर्षन के लिए उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के षिक्षक सतीष वर्मा और भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्षन में विद्यार्थी खुशी जोशी व समन मंसूरी द्वारा किया। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक अंत्येश धारवां, असमा खानम, एस. के. सिंगारिया, डी.एस. माण्डवा, सम्राट ढोके, मनोज कुमार बड़ोदिया, नीता जैन, स्वेता पांडे, किश्वर जहॉ, जितेन्द्र कुमार वर्मा, राजीव सारसिया, रफत जहॉ, के.के. वर्मा, निर्मलदास बैरागी, रामेश्वर दामड़यिा, विजय हाटेकर, विजय अडगले, मुकुन्द सिंह बरोड़यिा, नीतु चौरसिया, हेमंत कुमार मेवाड़ा, कुमेरसिंह ठाकुर, दिनेश कुमार गहरवाल, सतीश कुमार वर्मा, धीरज शर्मा, राजेश मालवीय, रघुवीर सिंह, राखी पोहाने, गौतम चौरसिया, जितेन्द्र धनवाल, भूपेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र मेवाड़ा, पदमा परमार, जितेन्द्र मेवाड़े, पवन कुमार राया, निहायत मंसूरी, संतोष कुमार, गोरीशंकर मालवीय, कासिम खान, वंदना सोलंकी, संघमित्रा धांसू, नवीन मौर्य, मोनिका जैन, नेहा अंसारी, मनोज कुमार कलमोदिया, मुहम्मद इमरान, दीक्षा खंडेलवाल, रवि प्रकाश मालवीय, राम सिंह , तेजपाल सिंह , अभिलाषा श्रीवादी, वीरेन्द्र सिंह , सुनील कुमार देलमिया, नीरज सिंह ठाकुर, प्रेम सिंह, विजय मंगल बगाना, निकिता शर्मा, संध्या पटेल, दिप्ति तोमर, स्मिता नायर, हरिनारायण सिंह, संदीप जायसवाल, पवित्रा कुराड़यिा, आराधना चन्द्रवंशी, महेश नरगावा, प्रकाश यादव, रवि कुमार सोलंकी, शैलेन्द्र कुमार मालवीय, सीमा बघेल, अंतिमबाला हटिला, दीपक डावर, लक्ष्मी परमार, आशा रावत, जसपाल सिंह, राजेन्द्र मौर्य, पल्लवी वर्मा, पूजा असाडे, कृतिका वर्मा ज्ञानसिंह मेवाड़ा, लखन सिंह जोंमर आदि शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण सुदामा मित्रता प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भगवान के लिए रोने से कुछ भी खोना नहीं पड़ेगा। संसारिक रिश्तों के लिए सब आंसू बहाते है कभी सुदामा की भांति द्वारकाधीश श्रीकृष्ण के लिए भी आंसू बहा कर देख लेना चाहिए। मित्रता में जो मन जीत ले वो ही मनमोहन होता है। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा में असीम प्रेम व समर्पण था दोनों ही गुरु भाई थे लेकिन उनमें मित्रता के साथ भक्त और भगवान का रिश्ता भी था। हमें सुदामा की भांति ही भगवान से प्रीति करनी चाहिए। उक्त बात रविवार को रुणिचा धाम के पंडित आनंद मोहन शुक्ला ने सुदामा मित्रता प्रसंग रखते हुए श्रद्धालुओं के समक्ष कहीं। कथावाचक पंडित शुक्ला ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की शिक्षा दीक्षा महाकाल बाबा की नगरी उज्जैन अवंतिका नगरी में पूर्ण हुई थी। आश्रम में गुरु सांदीपनि और गुरु माता से उन्होने वेद धर्म शास्त्र और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया था। दोनों ने बचपन में जंगल में जाकर लडकियां बटोरी पौधारोपण गोसेवा गुरुकुल के कार्य बड़े विनम्र और समर्पण से किये। भगवान श्री कृष्ण अपने नगर लौट गए और सुदामा अपने गांव लौट गए सुदामा अत्यंत ही गरीब थे और अपने स्वाभिमान और गुरु आज्ञा से कर्म अनुसार अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे सुदामा की पत्नी द्वारा बार-बार कहने पर एक दिन सुदामा अपने मित्र द्वारकाधीश से मिलने द्वारका नगरी गए। यात्रा में उन्होंने कांटे धूप भूख प्यास की परवाह नहीं की। राजमहल पहुंचकर द्वारपाल से आग्रह किया कि वह उन्हें द्वारकाधीश से मिलने दे क्योंकि वह उनके परम मित्र और दोनों ने साथ-साथ शिक्षा दीक्षा प्राप्त की है।

## श्रीमद भागवत कथा में कथा वाचक पंडित सुनील कृष्ण शास्त्री का किया सम्मान



**आष्टा।** नगर के अलीपुर चौराहा माता मंदिर पर पंडित सुनील कृष्ण शास्त्री के श्री मुख से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। इस दौरान कथा वाचक पंडित सुनील कृष्ण शास्त्री का साफा पहना कर और पुष्प माला पहना कर स्वागत किया। पंडित श्री शास्त्री ने कथा के दौरान सुदामा चरित्र का वर्णन किया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी और भजन गायक घनश्याम जांगड़ा, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष मनोहर श्रीवास्तव, रमेश परमार, पवन पहलवान, शेख आरिफ पत्रकार, कृपाल सिंह ठाकुर, मनोहर लाल लाइनमैन, राजेंद्र नागर, मयूर ब्रह्मभट सहित महिलाएं और पुरूष उपस्थित थे।

# एंजल स्कूल में किया आंखों का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




एंजल्स पब्लिक स्कूल में पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग के अवसर पर सभी पेरेंट्स के लिए मुफ्त नेत्र परीक्षण कैंप रखा गया। जिसमें सभी अभिभावक व बच्चों की आंखों की जांच की। सभी पेरेंट्स, बच्चों, बच्चों के दादा, दादी, नाना, नानी, टीचर्स व स्टाफ की आंखों की जांच की। जांच करने के लिए कमल पाटीदार उनके साथी आदर्श पाटीदार ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही सलाह दी कि किस तरह से हम अपनी आंखों को स्वस्थ रख सकते हैं। कमल पाटीदार ने बताया कि बच्चों को मोबाइल का उपयोग नहीं करना चाहिए। आंखों की रोशनी अच्छी बनी रहे इसके लिए विटामिन ए के जो भी फल, सब्जी हैं अधिक खाएं, पर्याप्त नींद ले। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक श्रीमान जिस जोसेफ ,प्राचार्य विजयन एमके, उपप्राचार्य भारत सिंह वर्मा, सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

# सेवा पखवाड़ा के रूप में भाजपा आयोजित करेगी विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से लेकर महात्मा गांधी की जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, जिसके तहत भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया के नेतृत्व में स्थानीय कार्यालय अन्नपूर्णा कंपलेक्स रोड पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर एवं कार्यक्रम प्रभारी पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ललित नागोरी एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गजराज पटेल, जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऋतु जैन, उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि, यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने कई नए कीर्तिमान हासिल किए हैं। आज भारत देश विश्व की पांचवीं सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के पायदान पर पहुंच गया है। पार्टी के शीर्ष निर्देशों के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिवस भाजपा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने जा रही है। जिसमें 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती तक चलेगा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न सेवाभावी कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिसमें रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, खेल महोत्सव, इसके अलावा कार्यकर्ता स्वदेशी उत्पाद ही खरीदने के लिए स्वदेशी उत्पादों का प्रचार प्रसार और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को लेकर क्षेत्र में कई अहम कार्यक्रम करेंगे। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष ललित नागोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि, सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं बल्कि सेवा, रचनात्मकता और समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करना है।

इस अभियान में सेवा, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण को केंद्र में रखा गया है। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में सेवा और स्वच्छता जैसे मौलिक विषयों को मजबूती से स्थापित किया है। प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ लेवल तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी कार्यक्रमों को आयोजित करें, कार्यशाला के दौरान जिला कार्यालय मंत्री उमेश शर्मा, पार्षद लता कल्लू मुकाती, गिरिजा कुशवाहा, नगर महामंत्री धनरूपमल जैन, महामंत्री मोहित सोनी, निर्मला कुशवाहा, नीलिमा बैरागी, सुरेशजैन, मनोज ताम्रकार, पार्षद रविशर्मा, पार्षद तेज सिंह राठौर, नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा मनीष धारवा, कोमल जैन, जुगल मालवीय, जगदीश खत्री, अफसर हुसैन, पार्षद तारा कटारिया, कमलेश विश्वकर्मा, सुरेश परमार, निलेश खंडेलवाल, बसंत पाठक, मनोहर श्रीवास्तव, लखन पाटीदार, मनोहर बैरागी, हरदेव मेवाड़ा, नर्मदा मालवीय, जीतमल बागवान, राजेश घेंघट, जुगल पटेल, दीनदयाल परमार, शिवम सोनी, आकाश सुराणा, अर्जुन सोनी, पार्षद डॉक्टर सलीम, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूरू भाई, पार्षद कमलेश जैन, अवनीश पिपलोदिया, कैलाश सोनी पंचम, आनंद जैन, देवकरण पहलवान, मनोहर भोजवानी, अनिल धनगर, दुलीचंद कुशवाहा, पवन गौड़, बाबूलाल मालवी, सविता सोनी, ज्योति सोनी, तृप्ति सोनी, संतोष विश्वकर्मा, सनी रॉबर्ट, सुनील सितोलिया, राधेश्याम अलहरिया शाहिद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नेता गण उपस्थित रहे।

### दशहरा उत्सव समिति आष्टा के मानस भवन में चुनाव हुए संपन्न

# 42 वोट से दशहरा समिति के अध्यक्ष बने वाल्मीकि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मानस भवन में सकल समाज की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी दशहरा उत्सव समिति का अध्यक्ष का चुनाव हुआ आज चुनाव में राहुल वाल्मीकि को सर्वसम्मति से दशहरा उत्सव समिति का अध्यक्ष चुना।बता दे कि बहुत ही गहमा गहमी के बीच दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष का निर्वाचन हुआ सम्पन्न। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने बताया कि आज मानस भवन में सकल समाज की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से दशहरा उत्सव समिति के चुनाव संपन्न हुई जिसमें राहुल वाल्मीकि ने निर्वाचन प्रक्रिया में 35 वोटो से जीत हासिल की सभी ने राहुल वाल्मीकि को अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

व्यापार महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर ने बताया कि राहुल वाल्मीकि हुए निर्वाचित, तीनों प्रत्याशियों ने राहुल वाल्मीकि को मिले 42 वोट, राहुल मेवाड़ा को मिले 7 वोट ओर हितेश बत्रा को मिले 3 वोट। इस तरह राहुल बाल्मीकि निर्वाचन प्रक्रिया में 35 वोटो से जीत हासिल की पुलिस बल भी तैनात रहा विजयी नवनिर्वाचित अध्यक्ष अपने समर्थकों के साथ गणेश मंदिर पहुंचा उसके बाद प्रमुख मार्गो से जुलूस निकाला अनेक स्थानों पर समाजजनों ने राहुल वाल्मीकि का स्वागत किया। शास्त्री कॉलोनी में पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा मित्र मंडल ने भी राहुल वाल्मीकि का जोरदार स्वागत किया। उसके बाद भाजपा के युवा नेता नितिन सोनी महाकाल ने अपने प्रतिष्ठान पर राहुल वाल्मीकि का स्वागत कर बधाई दी।टी आई ने खुद मानस भवन के बाहर व्यवस्था संभाली मानस भवन के सामने मार्ग पर काफी भीड़ भाड़ लगने पर टी आई गिरीश दुबे ने मोर्चा संभाला और भीड़ को तितर-बितर किया बाहर भी काफी संख्या में शहर वासियों की भीड़ रही थी इसके चलते पुलिस बल तैनात रहा।